
ग्वालियर | रविवार | 7 सितम्बर 2025 | वर्ष 31 | अंक 23 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
1934 से
ग्वालियर 31 वां वर्ष संस्करण


5 शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण


6 एक किशोर कलाकार की मनोदशाओं का नाच


7 ज्योतिष निरंतर विवाद और बहस का विषय


10 रॉस टेलर का संन्यास से यू टर्न

## एक नजर में



### श्रेयस अय्यर बहुदिवसीय मैचों की करेंगे कप्तानी

**मुंबई.** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है. के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे. बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे. चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है. वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है. तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है.

### जल्द भारत आयेंगे भारत से भागे भगोड़े




**नयी दिल्ली.** भारत सरकार द्वारा आर्थिक अपराधियों और भगोड़ों को वापस लाने की कोशिशों को नई गति मिली है. इसी क्रम में ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक उच्चस्तरीय टीम ने हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल का दौरा किया. इस दौरे का उद्देश्य विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे हाई-प्रोफाइल भगोड़ों के प्रत्यर्पण को आसान बनाना और ब्रिटिश अदालतों को यह भरोसा दिलाना था कि भारत में आरोपियों को सुरक्षित और मानवीय माहौल मिलेगा.

### एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया. कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. जानकारी के मुताबिक चोरी हुआ कलश लगभग 760 ग्राम शुद्ध सोने से बना था और उसमें करीब 150 ग्राम हीरे, माणिक्य और पन्ना जड़े हुए थे. यह धार्मिक कार्यक्रम 28 अगस्त से 09 सितंबर तक चलेगा.

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली कमांडर ढेर

**नारायणपुर.** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर पुलिस को 'माड़ बचाओ अभियान' के तहत 'ऑपरेशन मानसून' में सुरक्षा बलों को तब बड़ी सफलता हासिल हुई जब भीषण मुठभेड़ में आठ लाख रुपये की इनामी माओवादी प्लाटून नंबर-16 कमांडर (पीपीसी सचिव) सोढ़ी विमला को मार गिराया. भारी बरसात व चुनौतीपूर्ण मानसूनी परिस्थितियों के बावजूद डीआरजी नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने विमला को मुठभेड़ में ढेर कर दिया. पुलिस ने मौके से चार राइफल एवं अन्य विस्फरेटक सामग्री बरामद की है.

# ट्रंप बोले-मोदी मेरे अच्छे दोस्त

## ट्रंप के रूख में बड़ा बदलाव, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद तेज

**नयी दिल्ली, 06 सितम्बर (वार्ता). भारत-अमेरिका रिश्तों में टैरिफ को लेकर उठी तल्खियों के बीच अब कूटनीतिक गलियारों में नई उम्मीद की किरण दिख रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्होंने हाल ही में भारत पर भारी टैरिफ लगाने का फैसला किया था, अब उनके सुर बदले-बदले से नजर आ रहे हैं. ट्रंप के इस बयान से साथ ही इस पर मोदी की सकारात्मक प्रतिक्रिया से दोनों देशों के बीच टैरिफ मुद्दे के जल्द समाधान की उम्मीद बढ़ गयी है.**



ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बेहतरीन प्रधानमंत्री और अपना अच्छा दोस्त बताते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंध हमेशा विशेष रहे हैं और आगे भी रहेंगे. उनके इस बयान पर पीएम मोदी ने भी सकारात्मक अंदाज़ में प्रतिक्रिया दी और रिश्तों को और मज़बूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई. ट्रंप ने शुक्रवार को अपने पहले दिये गये बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री मोदी हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे. मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं. दोनों देशों के संबंधों के बारे में ट्रंप ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है. हमारी पीएम मोदी के साथ अच्छी बनती हैं. ट्रंप ने कहा कि हमें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है. साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं.

इसी बीच मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह ट्रंप की भावनाओं का सम्मान करते हैं. मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं. भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है. उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने इससे पहले चीन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है.

### मोदी ने की फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों से टेलीफोन पर बात

रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है. मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई और दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन के मुद्दे पर भी विचारों का आदान प्रदान किया. भारत संघर्ष के जल्द समाधान और क्षेत्र में स्थायी शांति की बहाली के प्रयासों का निरंतर समर्थन करता रहा है.

### जयशंकर करेंगे प्रतिनिधित्व

न्यूयॉर्क में 9 सितंबर से शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे. सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा लगाए टैरिफ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी को लेकर स्थिति साफ नहीं है. भारत ने 26 सितंबर को पीएम मोदी के संबोधन के लिए एक स्लॉट रिजर्व किया था.

# खपत 10 प्रतिशत बढ़ी तो 20 लाख करोड़ का बढ़ेगा उत्पादन

**नयी दिल्ली, 06 सितंबर (वार्ता). केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में आगामी 22 सितंबर से करों में मिलने वाली छूट के कारण यदि खपत 10 प्रतिशत भी बढ़ती है तो इससे उत्पादन 20 लाख करोड़ रुपये बढ़ेगा जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी.**



वैष्णव ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता में कहा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में खपत लगभग 202 लाख करोड़ रुपये है और अगर जीएसटी सुधार से खपत में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि होती है, तो अतिरिक्त 20 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन होगा और रोजगार बढ़ेगा. बचत, निवेश और खपत, तीनों के जरिए परिवारों में खुशियां बढ़ेंगी और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी. उन्होंने कहा कि पहले आयकर में बड़ा सुधार करके 12 लाख रुपये तक की आय पर मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत दी गई और अब जीएसटी में व्यापक सुधार करके मोदी सरकार ने मध्यम वर्गीय परिवारों को एक और बड़ी राहत तथा तोहफा दिया है.

> केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले करों का ऐसा जाल था, जिसमें हर वस्तु पर अलग-अलग कर लगते थे और इसका भारी बोझ आम आदमी और खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ता था. जीएसटी आने से कर प्रणाली सरल हुई है. लगातार छह-सात साल की अनुभव और स्थिरता के बाद जीएसटी दरों को युक्तिसंगत, तार्किक तथा और सरल बनाया गया है.

# सोनम और साथियों पर चार्जशीट दाखिल

- मेघालय पुलिस ने 790 पन्नों की तैयार की रिपोर्ट
- 2 जून को राजा का शव चेरापूंजी से हुआ था बरामद

**नयी दिल्ली, 6 सिंतबर. इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने अदालत में 790 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है. इसमें राजा की पत्नी सोनम, उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा और तीन सहयोगियों विशाल सिंह चौहान, आकाश सिंह राजपूत व आनंद कुरमी को हत्या की साजिश और सबूत नष्ट करने का आरोपी बनाया गया है. चार्जशीट में कुल आठ लोगों के खिलाफ पुख्ता सबूत शामिल किए गए हैं.**




चार्जशीट दाखिल होने के एक दिन बाद मृतक राजा के परिजनों ने दोषियों को फांसी देने की मांग उठाई. राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि परिवार को पुलिस की जांच पर भरोसा है और सोनम सहित सभी पांचों मुख्य आरोपियों को फांसी मिलनी चाहिए. गौरतलब है कि 21 मई को सोनम और राजा शिलांग पहुंचे थे और 26 मई को लापता हो गए. 2 जून को राजा का शव चेरापूंजी के पास एक गहरी खाई से बरामद हुआ. जांच में खुलासा हुआ कि सोनम ने प्रेमी कुशवाहा के साथ मिलकर तीन सुपारी किलर्स को हायर किया, जिन्होंने राजा को खाई में धक्का देकर मौत के घाट उतारा. मामले में सोनम के भाई गोविंद पर भी संदेह जताया जा रहा है कि वह परिजनों के दावे के बावजूद गुपचुप उसकी पैरवी कर रहा है. फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा रही है.

# रोपवे का तार टूटने से छह मजदूरों की मौत

### गुजरात के पावागढ़ मंदिर में दर्दनाक हादसा

**नयी दिल्ली, 06 सितंबर. गुजरात के पंचमहल जिले स्थित पावागढ़ शक्ति पीठ में शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया. दोपहर करीब 3.30 बजे मालवाहक रोपवे की तार टूटने से बोगी नीचे गिर गई, जिसमें दो लिफ्टमैन, दो मजदूर समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई. हादसे के समय यात्रियों के लिए रोपवे खराब मौसम के कारण पहले से बंद था. घटना की पुष्टि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हरेश दुधात ने की.**



जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया. मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि हादसा टावर नंबर-एक के पास हुआ. सभी शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं.

जिला प्रशासन ने जांच समिति गठित कर तकनीकी कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है. हादसे के बाद मंदिर परिसर में मातम पसरा है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं. सरकार ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है.

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पांच श्रद्धालुओं की मौत

**नयी दिल्ली, 06 सितंबर.** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई. सभी मृतक सवाई माधोपुर जिले के लालसोट क्षेत्र के चिमनपुरा गांव के रहने वाले थे. हादसा तब हुआ जब श्रद्धालु भेड़ोली आश्रम से दर्शन कर पैदल लौट रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद सूचना मिलते ही मित्रपुरा, बौंली और लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा. ट्रक चालक हादसे के बाद फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है. स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए. प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया.

### पूरे देश में एसआईआर लागू करने की तैयारी

**नयी दिल्ली, 06 सितम्बर.** आगामी चुनावों से पहले निर्वाचन नामावलियों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग बड़ा कदम उठाने जा रहा है. आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न - एसआईआर) को पूरे देश में एक साथ लागू करने की तैयारी कर रहा है. इस पर अंतिम फैसला 10 सितम्बर को दिल्ली में होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में लिया जाएगा, जिसमें सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे. फिलहाल बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी है और यह 30 सितम्बर तक पूरी होगी. विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वहाँ मतदाता सूची का पुनरीक्षण पहले ही शुरू हो चुका है.

# 12 हजार करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

- तेलंगाना में 13 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 6 सिंतबर. देश में ड्रग्स के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच मीरा-भयंदर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है. तेलंगाना में पुलिस ने एक विशाल ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए करीब 32 हजार लीटर रॉ एमडी ड्रग्स बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है. इस कार्रवाई में पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच की शुरुआत महज 200 ग्राम ड्रग्स की बरामदगी से हुई थी, जिसकी कीमत 25 लाख रुपये थी. लेकिन मामले की गहराई में जाने पर पुलिस के सामने यह बड़ा नेटवर्क आया. पूछताछ में पता चला कि फैक्ट्री से देश के अलग-अलग हिस्सों और विदेशों तक ड्रग्स सप्लाई की जाती थी. मौके से बरामद ड्रग्स और रसायनों को जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है.

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है और ड्रग्स माफिया पर बड़ी चोट है. इससे पहले जुलाई 2025 में मुंबई पुलिस ने 400 करोड़ रुपये की ड्रग्स की खेप पकड़ी थी और कर्नाटक के मैसूर में भी छापेमारी की गई थी. उस दौरान राज्य के गृह मंत्री ने अधिकारियों को बेहद सख्त निर्देश जारी किए थे.

ड्रग्स का यह सिंडीकेट भारत के युवाओं को अपना निशाना बना रहा था. विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं को नशे से बचाना देश की प्राथमिकता होनी चाहिए.

# 1.74 लाख करोड़ के घोटाले में चार्जशीट दाखिल

## सहारा इंडिया पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

**नयी दिल्ली, 6 सिंतबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहारा इंडिया ग्रुप और इसके संस्थापक सुब्रतो रॉय के परिवार व अधिकारियों पर शिकंजा कसते हुए कोलकाता की पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है. इसमें करीब 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है. जांच में सामने आया कि सहारा ने हाई रिटर्न और सुरक्षित निवेश का वादा कर करोड़ों लोगों से पैसा लिया, लेकिन उन्हें रकम लौटाई नहीं गई.**






चार्जशीट में सुब्रतो रॉय की पत्नी सपना, बेटा सुशांतो रॉय, जेपी वर्मा और अनिल अब्राहम समेत कई अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है. ईडी का कहना है कि सुशांतो रॉय भगोड़ा है और पूछताछ में शामिल नहीं हो रहा, जिसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

ईडी ने बताया कि सहारा ने गांव-गांव तक एजेंट नेटवर्क खड़ा कर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को निशाना बनाया. बेटी की शादी, घर बनाने और बुढ़ापे की सुरक्षा जैसे सपनों के लिए लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई सहारा में लगा दी. भरोसेमंद छवि के चलते निवेशक कंपनी की स्कीमों में फंसते चले गए, लेकिन उनका पैसा लौटाया नहीं गया.

सुब्रतो रॉय का 2023 में निधन हो चुका है, मगर उनके परिवार और कंपनी पर कार्रवाई जारी है.

**मुआवजा** सीएम डॉ. मोहन यादव ने 17500 किसानों को बाढ़ राहत की राशि अंतरित कर वर्चुअल संवाद करते हुए कहा

# किसान मौसम की मार पर बेसहारा नहीं रहेगा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से प्रदेश के 11 जिलों के 17500 किसानों को 20 करोड़ 60 लाख रुपए बाढ़ राहत राशि का वितरण किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते दिनों प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण फसलों को हुई क्षति के मुआवजे के रूप में प्रभावित किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए इस राहत राशि का हस्तांतरण किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित किसानों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा है कि प्रदेश के अन्नदाताओं की खुशहाली और उनकी मुस्कान ही हमारी सरकार की ताकत है. मौसम की मार में हम किसानों को बेसहारा नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि जो होना था, हो चुका। हम अपने किसानों को उनकी फसल क्षति का समुचित मुआवजा दे रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्नदाताओं को भरोसा दिलाया कि प्रदेश का कोई भी किसान मौसम की मार पर बेसहारा नहीं रहेगा. हमारी सरकार सुख-दुख सहित हर परिस्थिति में किसानों के साथ है। सबको राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी.



मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशल-क्षेम लेकर फसल क्षति और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिवपुरी के किसान राघवेन्द्र और जगत पाल, दमोह के सरदार सिंह और संग्राम सिंह, अशोकनगर के प्रदीप सिंह रघुवंशी और कल्याण सिंह, धार के ओमप्रकाश और जगदीश, छतरपुर के रमेश और प्रकाश, रायसेन के अरविंद और अमर सिंह से वर्चुअली संवाद किया. दमोह जिले में पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी भी उपस्थित रहे.

> प्रभावित किसानों ने सरकार द्वारा त्वरित रूप से बाढ़ आपदा राहत राशि प्रदान करने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया. राजस्व आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के लिए विभिन्न मदों में अब तक कुल 188.52 करोड़ रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है.

# मुंबई पुलिस को धमकी भरा संदेश भेजने वाला गिरफ्तार

**मुंबई, 06 सितंबर (वार्ता). अनंत चतुर्दशी उत्सव से ठीक एक दिन पहले मुंबई यातायात पुलिस को धमकी भरा संदेश भेजने वाले एक व्यक्ति को मुंबई अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी.**

धमकी भरे संदेश में दावा किया गया था कि मानव बमों से लदे 34 वाहनों को मुंबई भर में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है और चेतावनी दी गयी थी कि विस्फोटों के बाद शहर 'दहल' जायेगा. गिरफ्तार व्यक्ति अश्विन कुमार सुप्रा पेशे से ज्योतिषी है और बिहार के पटना का रहने वाला है. मुबंई पुलिस ने उसे उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 79 से गिरफ्तार किया है.

उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था और स्थानीय खुफिया जानकारी, निगरानी और एक किराने की दुकान से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया.

मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा, मुंबई अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से अश्विन कुमार सुप्रा (50) नामक व्यक्ति को मुंबई में बम विस्फोट की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है.